932

# 825(JG)

# 2018

## सामाजिक विज्ञान

### केवल प्रश्नपत्र

### (ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरणीय अध्ययन, नागरिक जीवन एवं आर्थिक विकास)

समय : तीन घण्टे 15 मिनट | पूर्णांक : 70

**निर्देश** – प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

**निर्देश :**

(i) यह प्रश्नपत्र दो खण्डों "क" एवं "ख" में विभाजित है । प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न एक साथ हल करना आवश्यक है । प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाए ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं ।



http://www.upboardonline.com
Scanned with CamScanner

(iii) प्रश्नपत्र में चार प्रकार के प्रश्न हैं – बहु-विकल्पीय, अति लघु-उत्तरीय, लघु-उत्तरीय व विस्तृत-उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके आरम्भ में दिए गए हैं।

(iv) "क" तथा "ख" खण्डों हेतु दिए गए मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

(v) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र-कार्य के स्थान पर अलग से खण्ड "क" में प्रश्न संख्या 14 तथा खण्ड "ख" में प्रश्न संख्या 28 के उत्तर लिखने के लिए दिए गए हैं।

## खण्ड – "क"

### (बहु-विकल्पीय प्रश्न)

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

1. इंग्लैण्ड की गौरवपूर्ण क्रान्ति किस राजा के समय में हुई ? 1

(अ) जेम्स प्रथम (ब) जेम्स द्वितीय

(स) चार्ल्स प्रथम (द) हेनरी द्वितीय

2. 'स्पिरिट ऑफ लॉज' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं ? 1

(अ) रूसो (ब) लॉक

(स) मॉन्टेस्क्यू (द) मैकियावली

3. विश्व मानव अधिकार दिवस कब मनाया जाता है ? 1

(अ) 5 सितम्बर (ब) 2 अक्टूबर

(स) 10 दिसम्बर (द) 14 नवम्बर



http://www.upboardonline.com

Scanned with CamScanner

4. फ्रांस की क्रान्ति का तात्कालिक कारण था : 1

(अ) स्टेट्स जनरल का अधिवेशन

(ब) दार्शनिकों की भूमिका

(स) आर्थिक तंगी

(द) सम्राट की निरंकुशता

5. गुट-निरपेक्ष आन्दोलन का सर्वप्रथम शिखर सम्मेलन किस नगर में हुआ था ? 1

(अ) नई दिल्ली (ब) काहिरा

(स) बेलग्रेड (द) जकार्ता

6. भारत के संघीय व्यवस्थापिका का नाम है : 1

(अ) संसद (ब) लोकसभा

(स) विधान मण्डल (द) राज्यसभा

## (अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)

7. भारत की विदेश नीति की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। 1 + 1

8. भारत के किन्हीं चार राज्यों के नाम लिखिए, जहाँ विधान परिषद् है। ½ + ½ + ½ + ½

9. द्वितीय विश्व युद्ध के किन्हीं दो कारणों का उल्लेख कीजिए। 1 + 1

## (लघु-उत्तरीय प्रश्न)

10. फ्रांस की क्रान्ति के दो प्रमुख परिणामों का उल्लेख कीजिए। 1½ + 1½

अथवा

रूस की क्रान्ति के सामाजिक एवं आर्थिक कारण क्या थे ? 1½ + 1½



http://www.upboardonline.com

Scanned with CamScanner

11. विधान परिषद् के सदस्यों की योग्यताओं का संक्षेप में उल्लेख कीजिए। 3

**अथवा**

लोकसभा के किन्हीं तीन कार्यों का उल्लेख कीजिए। 1 + 1 + 1

### (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

12. भारत के नागरिकों के मौलिक अधिकारों तथा राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 6

**अथवा**

राष्ट्र संघ की असफलता के कारणों का विवेचन कीजिये। 6

13. महात्मा गांधी द्वारा चलाये गए किन्हीं तीन आन्दोलनों का वर्णन कीजिए। 2 + 2 + 2

**अथवा**

राजा राममोहन राय कौन थे ? उन्हें आधुनिक भारत का जनक क्यों कहा जाता है ? 2 + 4

### (मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न)

**निर्देश** : निम्नलिखित स्थानों को भारत के रेखा मानचित्र में ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइये। सही नाम तथा सही अंकन के लिए $\frac{1}{2}, \frac{1}{2}$ अंक निर्धारित है।

14. (i) उत्तरप्रदेश का वह नगर जहाँ उच्च न्यायालय स्थित है। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(ii) वह नगर जिसे गुलाबी शहर के नाम से जाना जाता है। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iii) वह स्थान जहाँ ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह स्थित है। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iv) वह स्थान जहाँ प्रसिद्ध सूर्य मन्दिर स्थित है। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(v) वह नगर जहाँ रानी लक्ष्मीबाई शासन चलाती थी। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$



http://www.upboardonline.com

Scanned with CamScanner

(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए
मानचित्र कार्य के विकल्प स्वरूप)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

14. (i) उत्तरप्रदेश में उच्च न्यायालय किस नगर में है ? 1

(ii) भारत के किस नगर को गुलाबी शहर के नाम से जाना जाता है ? 1

(iii) ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह कहाँ स्थित है ? 1

(iv) प्रसिद्ध सूर्य मन्दिर कहाँ स्थित है ? 1

(v) रानी लक्ष्मीबाई किस नगर से शासन चलाती थी ? 1

खण्ड – "ख"

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

निर्देश : निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

15. निम्नलिखित में से कौन राज्य म्यांमार की सीमा रेखा पर स्थित नहीं है ? 1

(अ) नागालैण्ड (ब) मिजोरम
(स) मेघालय (द) अरुणाचल प्रदेश

16. विकसित देश नहीं है : 1

(अ) जापान (ब) चीन
(स) संयुक्त राज्य अमेरिका (द) कनाडा



http://www.upboardonline.com
Scanned with CamScanner

17. नवीनतम पर्वतश्रेणी है : 1

(अ) नीलगिरि (ब) सतपुड़ा

(स) शिवालिक (द) विन्ध्य की पहाड़ियाँ

18. सन् 2011 में भारत की जनसंख्या थी : 1

(अ) 122.01 करोड़ (ब) 121.08 करोड़

(स) 121.03 करोड़ (द) 123.01 करोड़

19. आर्थिक नियोजन का लक्ष्य है : 1

(अ) प्रतिव्यक्ति आय में वृद्धि करना ।

(ब) आर्थिक प्रतियोगिता में वृद्धि करना ।

(स) जीवन प्रत्याशा में वृद्धि करना ।

(द) संसाधनों का अधिकतम उपयोग करना ।

20. मैंगनीज़ आवश्यक है : 1

(अ) ताँबा उद्योग के लिए

(ब) लौह-इस्पात उद्योग के लिए

(स) एल्युमिनियम उद्योग के लिए

(द) इनमें से किसी के लिए नहीं

## (अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)

21. विकसित और विकासशील देशों के अन्तर को स्पष्ट कीजिए। 1 + 1

22. लगान को परिभाषित कीजिए। 2

23. विदेशी व्यापार से आप क्या समझते हैं ? 2



http://www.upboardonline.com

Scanned with CamScanner

(लघु-उत्तरीय प्रश्न)

24. भारत को जनसंख्या के आधार पर बाँटिए और उनमें से किसी एक का वर्णन कीजिए। 1 + 1 + 1

अथवा

भारत में जनसंख्या नियन्त्रण के तीन उपायों का उल्लेख कीजिए। 1 + 1 + 1

25. आर्थिक नियोजन के किन्हीं तीन महत्त्वों पर प्रकाश डालिए। 1 + 1 + 1

अथवा

भारत में आयात एवं निर्यात की तीन-तीन वस्तुओं का उल्लेख कीजिए। ½ + ½ + ½ + ½ + ½ + ½

(दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

26. गंगा के मैदानी भाग का वर्णन निम्नलिखित शीर्षकों में कीजिए : 2 + 2 + 2

(अ) स्थिति एवं विस्तार

(ब) उनकी सहायक नदियाँ

(स) प्रमुख फसलें

अथवा

भारत के पूर्वी तटीय भाग का वर्णन निम्नलिखित शीर्षकों में कीजिए : 2 + 2 + 2

(अ) स्थिति एवं विस्तार

(ब) प्राकृतिक स्वरूप

(स) प्रमुख नगर



http://www.upboardonline.com

Scanned with CamScanner

27 विनिमय को परिभाषित कीजिए और उसके विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए।

2 + 2 + 2

**अथवा**

बाजार से आप क्या समझते हैं ? बाजार के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए।

2 + 2 + 2

**(मानचित्र कार्य)**

**निर्देश** - भारत के दिये गये मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए

28. (i) कावेरी नदी ~< चिह्न द्वारा नाम सहित। ½ + ½

(ii) चण्डीगढ़ ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित। ½ + ½

(iii) एक कपास उत्पादक क्षेत्र [::::] चिह्न द्वारा। 1

(iv) पुणे से वाराणसी रेलमार्ग एक स्टेशन सहित -o-|||-o-|||-o- चिह्न द्वारा नाम सहित। ½ + ½

(v) एक खनिज तेल उत्पादक क्षेत्र ☼ चिह्न द्वारा। 1

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में)**

**निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग मत कीजिए।

28. (i) तापी नदी किस समुद्र में गिरती है ? 1

(ii) रांची किस राज्य में स्थित है ? 1

(iii) टीटागढ़ क्यों प्रसिद्ध है ? 1

(iv) छत्तीसगढ़ की राजधानी का नाम लिखिए। 1

(v) भारत के लौह-इस्पात उद्योग के एक केन्द्र का नाम लिखिए। 1

---



http://www.upboardonline.com

Scanned with CamScanner